# नवम्बर तक 11 ऑक्सीजन प्लांट मिलेंगे

अच्छी खबर

**05** प्लांट जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लगेंगे

**16** प्लांट पहले से ही तैयार हो चुके हैं



लखनऊ | मुख्य संवाददाता

1 नवम्बर माह के अंत तक राजधानी को 11 नए ऑक्सीजन प्लांट मिलेंगे। जिला प्रशासन ने शासन को भेजी गई रिपोर्ट में बताया है कि प्लांट लगाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

एडीएम विपिन मिश्रा ने बताया कि 11 में से पांच ऑक्सीजन प्लांट राज्य आपदा मोचक निधि से लगाए जा रहे हैं। एक प्लांट सीएसआर फंड कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी निधि से लगाया जा रहा है। राज्य आपदा मोचन निधि से मलिहाबाद, मोहनलालगंज और चिनहट सीएचसी, ठाकुरगंज टीबी अस्पताल, राजकीय चिकित्सालय राजाजीपुरम में प्लांट लगाए जा रहे हैं। माल सीएचसी के ऑक्सीजन प्लांट का खर्च केन्द्रीय राज्य मंत्री और सांसद कौशल किशोर, विधायक जयदेवी उठा रहे हैं। अलीगंज सीएचसी में प्लांट के लिए धन विधायक डॉ. नीरज बोरा और एमएलसी अवनीश सिंह ने दिया है। टूड़ियागंज और सीएचसी इंदिरानगर को राजनाथ सिंह और रेडक्रॉस को बृजेश पाठक ने ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए धन दिया है। वहीं गोसाईगंज में सबसे ज्यादा 335 लीटर प्रतिमिनट ऑक्सीजन क्षमता का प्लांट लग रहा है।